तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 मई 2024



12 पंजाबी भाषा व साहित्य राज्य का अनमोल अंग





12 स्वतंत्रता दिवस तक पूरा होगा शहीदी स्मारक का निर्माण...




## खबर संक्षेप

### समालखा पुलिस ने लूट के आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित शराब ठेके पर हथियार के बल पर लूट करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी विशाल निवासी गांव इसराना हाल इंद्रा कालोनी पानीपत को गिरफ्तार किया। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में महावीर पुत्र मांगेराम निवासी आर.के पुरम कॉलोनी पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने स्नेचिंग के आरोपी को दबोचा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने आर्य नगर में युवक से स्नेचिंग करने वाले गिरोह के चौथे आरोपी दीपांशु निवासी बलजीत नगर, पानीपत को बबैल नाका के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि स्नेचिंग की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में अजय निवासी घूपसिंह नगर की शिकातय पर अभियोग दर्ज है।

### सड़क हादसे में तीन गंभीर घायल

**पानीपत।** पानीपत के रोहतक हाईवे पर हरियाणा रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीण उर्फ मुस्कान, इसका भाई अफसर व तस्सवर निवासी गांव रामडा पार जिला शामली उत्तर प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कौशल कुमार को गिरफ्तार किया है। जग्गी कॉलोनी फेस 2 के रहने वाले इंद्रप्रीत सिंह ने 17 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके ट्रेक्टर की बैटरी चोरी कर ली है।

### फिरौती मांगने के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज फोन कॉल पर फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवराज सिंह को प्रोडक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया हे। टाटका गांव के रोहित कुमार ने1 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 फरवरी 2024 को आरोपी आकाश उर्फ शुटर ने उसके मोबाइल पर फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी दी है।

# वर्दी की ताकत का समाज कल्याण के लिए करें प्रयोग: जाधव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

- सेवानिवृत्ति सम्मान परेड में सशस्त्र टुकड़ी ने दी एडीजीपी श्रीकांत जाधव को सलामी

एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा कि वर्दी बनाती है खास और वर्दी पहनने से आती है ताकत।इस ताकत का इस्तेमाल समाज के कल्याण के लिए करना चाहिए। मंगलवार को ए डी जी पी श्रीकांत जाधव हरियाणा पुलिस अ का द मी , मधुबन में आयोजित विदाई सम्मान परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि श्रीकांज जाधव 30 वर्ष के सफल सेवाकाल के बाद मंगलवार को सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने विदाई सम्मान परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। मुख्य अतिथि को परंपरा का निर्वाह करते हुए फूलों से सुसज्जित खुली जिप्सी में पुष्पवर्षा करते हुए सम्मानपूर्वक मधुबन से प्रस्थान कराया गया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा कि हमें तालमेल बनाकर जनता के विश्वास को जीतने की कोशिश करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमंद की कानूनी मदद करना हमारा दायित्व बनता है जिसे हमें ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमेशा निडर होकर काम करना चाहिए, सच्चाई व ईमानदारी के साथ काम करने वाला निर्भय बनता है और एक निर्भय पुलिस अफसर ही समाज के लिए कुछ अलग करने की सोच सकता है, परन्तु इस पर चलने से सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी के दौरान आप दीक्षांत परेड में ली गई।शपथ हो हमेशा याद रखना चाहिए और शपथ को ध्यान में रखते हुए निर्भय होकर अपने कर्तव्यपथ पर चलते रहना चाहिए। उन्होंने हरियाणा पुलिस के जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस के जवान और अधिकारी श्रेष्ठ है।





घरौंडा। हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में मुख्य अतिथि एडीजीपी श्रीकांत जाधव का परंपरा अनुसार सम्मान करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

### अच्छा लीडर अपने जवानों में और अधिक ऊर्जा भर सकता

उन्होंने कहा कि एक अच्छा लीडर अपने जवानों को प्रोत्साहन करके उनमें और अधिक ऊर्जा भर सकता है। उन्होंने नशे के खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा तीन बाते याद रखनी चाहिए कि भगवान हमेशा हमारे साथ नहीं रह सकते इसलिए उन्होंने यह पावर ऑफ आटर्नी माता-पिता को दी। हर व्यक्ति अपने माता-पिता की इज्जत करता है, ऐसा करने से आपके सभी रास्ते अपने आप खुल जाएंगे। उन्होंने हरियाणा पुलिस के जवानों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना है क्योंकि एक स्वस्थ पुलिस अधिकारी ही समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकता है। अपनी तीसरी बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी बहुत छोटी है आज का काम कल पर न छोडें। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव ने एडीजीपी श्रीकांत जाधव व उनकी पत्नी श्रीमती कविता दुआ जाधव के साथ आए अन्य अतिथियों का स्वागत किया और एडीजीपी श्रीकांत जाधव के सेवाकाल की उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने एडीजीपी श्रीकांत जाधव को स्मृतिस्वरूप स्मृतिचिन्ह भी भेंट किया। हरियाणा पुलिस अकादमी की पुलिस महानिरीक्षक डॉ राजश्री सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीआइडी हरियाणा के एडीजीपी आलोक मित्तल, करनाल मण्डल के आइजीपी सतेन्द्र कुमार गुप्ता, एचएपी के आइजीपी कुलविंद्र सिंह, एडीजीपी श्रीकांत जाधव के परिवार के सदस्य, उनके मित्र अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। परेड की कमान परिवीक्षु डीएसपी ऋषभसोढी ने की।

# दुकान में कपड़ा खरीदने आई महिलाओं ने चुराए सूट व बैडशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तलाकौर स्थित कपड़े की दुकान पर कपड़ा खरीदने आई पांच महिलाओं ने 46 सूठ व आठ बैडशीट चोरी कर ली। दुकान मालिक ने महिलाओं के चले जाने के बाद जब सूठों जांच की तो चोरी का पता चला। उसने आरोपी महिलाओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव तलाकौर निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के बाहर कपड़े की दुकान है। 24 अप्रैल को शाम पांच बजे उसकी दुकान पर पांच महिलाएं कपड़ा खरीदने के लिए आई। महिलाओं ने उसे कपड़ा दिखाने को कहा। वह महिलाओं को कपड़ा दिखाकर किसी काम से दुकान से बाहर चला गया। जब वह दुकान पर पहुंचा तो वहां से महिलाएं गायब मिली। जांच करने पर दुकान से 46 सूठ व आठ बैडशीट गायब मिली। उसने महिलाओं की काफी तलाश की लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चला। उसने आरोपी महिलाओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सीजेएम ने बाल आश्रम व उद्यान केयर होम का किया निरीक्षण



कुरुक्षेत्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा व उद्यान केयर होम सेक्टर-7 का निरीक्षण कर बच्चों के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने जीवनमय बाल आश्रम लाडवा और उद्यान केयर होम सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और बच्चों के कमरों का निरीक्षण किया और उनको दिए जाने वाले भोजन का भी जायजा लिया।

# यमुनानगर में लाखों की अफीम के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर लिया पांच दिन का रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद

जिला पुलिस की स्पेशल सेल ने लाखों रुपये कीमत की अफीम (अवैध नशीला पदार्थ) के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने करीब पांच लाख रुपये कीमत की अफीम बरामद की है। आरोपी के खि ला फ मामला दर्ज कर पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर ले लिया है। पूछताछ में आरोपी से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

स्पेशल सेल के प्रभारी राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि थाना छप्पर के सरस्वती मार्ग पर एक युवक कोई नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है और वह उसे किसी को सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उन्होंने सब इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह, एएसआई सुरेंद्र, राजू राणा, कुलदीप ,विपिन, आजाद व धर्मबीर की टीम का गठन किया और उसे जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। इस दौरान पुलिस की जांच टीम ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के एईटीओ सतबीर सिंह को बुलाया गया। जिनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से दो किलोग्राम अफीम बरामद हुई। बताया गया है कि आरोपी से बरामद की गई अफीम की कीमत बाजार में करीब पांच लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव पुठी सराहय निवासी हेमेंद्र उर्फ नितेश के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर ले लिया।



यमुनानगर में पुलिस उपाधीक्षक हेडक्वार्टर कमलजीत सिंह मामले की जानकारी देते हुए व पीछे खड़ा हुआ आरोपी।

### आरोपी हेमेंद्र कमीशन पर करता था काम

डीएसपी हेडक्वार्टर कमलजीत सिंह ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि आरोपी हेमेंद्र को अफीम सप्लाई करने के लिए 25 हजार रुपये कमीशन मिलती थी। वह यूपी के बरेली से अफीम लाकर यमुनानगर में सप्लाई करता था। पूछताछ में आरोपी से पता लगाया जा रहा है कि वह अफीम किसे सप्लाई करता था।

### 45 लाख 27 हजार की ड्रग्स और शराब सीज

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाने के लिए चुनावों की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी निगाहे रखी जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप ही पुलिस व आबकारी विभाग ने अब तक 45 लाख 27 हजार 370 रुपए की राशि की ड्रग्स और शराब सीज कर दी गई है। इतना ही नहीं एसएसटी और एफएसटी की टीमें भी तमाम गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी करके 2547 लीटर शराब बरामद की है। इस शराब की कीमत 7 लाख 75 हजार 330 रुपए आंकी है। इसी तरह पुलिस विभाग ने 193 ग्राम ड्रग्स भी सीज किया है। इस ड्रग्स की कीमत मार्केट में 36 लाख 36 हजार रुपए की है।

# युवती ने फैक्टरी ठेकेदार पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

**यमुनानगर।** प्लाइवुड फैक्टरी में मजदूरी कर रही युवती ने ठेकेदार पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बहुत गरीब परिवार से है। वह प्लाईवुड फैक्टरी में मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करती है। वह फैक्ट्री में मुजकीर ठेकेदार के पास लेबर का काम करती है। 26 अप्रैल को वह फैक्ट्री से छुट्टी कर रात को पैदल घर लौट रही थी। रास्ते में मुजकीर बाइक पर आया और उसे घर छोड़ने के बहाने से बाइक पर बिठा लिया। इसके बाद आरोपी बाइक को जंगल में ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह आरोपी से बचकर घर पहुंची और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 323, 376 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सराला नहर से मिला लापता युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- दोस्त ने ही हत्या कर फेंका था शव, सीआईए कर रही है पूछताछ

शालीमार कॉलोनी के लापता 32 वर्षीय दिग्विजय सिंह उर्फ रोबिन का शव मिल गया है। उसके दोस्त ने ही हत्या के बाद शव नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने रोबिन के दोस्त सरहिंद के रहने वाले टैक्सी चालक गुरविंद्र उर्फ लाली को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 की टीम दिग्विजय के माता-पिता के साथ आरोपी को पंजाब के सराला में नहर के पास लेकर गई थी। यहां से शव को बरामद किया गया। आखिरी बार दिग्विजय को गुरविंद्र उर्फ लाली ही उसे कालका चौक छोड़ने को कहकर अपने साथ ले गया था। ऐसे में पुलिस के लिए लाली ही मामले में अहम गवाह था। उसने पुलिस की पूछताछ में सच उगल दिया। हत्या किस वजह से की गई इसको लेकर आरोपी से सीआईए पूछताछ कर रही है। मृतक दिग्विजय के पिता एवं रिटायर्ड शिक्षक कर्ण सिंह ने बताया कि गुरविंद्र उर्फ लाली पहले उनकी कॉलोनी में ही रहता था जो बाद में सरहिंद चला गया । दिग्विजय को 3 माह पहले बेटा हुआ था। पहली बार वह बच्चे को लेकर पत्नी के साथ करनाल में ससुराल गया था। वहां से उसे शगुन का पैसा मिला था। कुछ पैसा उन्होंने उसे देकर भेजा था। दिग्विजय नानी के पास पानीपत चला गया । जहां बच्चे को शगुन मिला था। दिग्विजय को लाली ने पार्टी के लिए अंबाला बुलाया था। लाली ने अंबाला आने के बाद दिग्विजय को करनाल से चलने के लिए फोन किया था। 17 अप्रैल को दिग्विजय घर आ गया। लाली भी उसके साथ उनके घर पर रुका था। अगले दिन लाली ने बेटे को कालका चौक छोड़ने के लिए कहा था। दिग्विजय अपनी बलेनो कार लेकर गया था लेकिन बाद में वह वापस नहीं लौटा था। 20 अप्रैल को उन्होंने सिटी थाना में केस दर्ज कराया था। पिता से आरोपी गुरविंद्र ने कहा था कि वह ऑटो से चला गया था। दिग्विजय कार लेकर कहां गया दो नहीं पता है। कर्ण सिंह ने बताया कि दिग्विजय पहले बद्दी में नौकरी करता था। अब यहां रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी कर रहा था। इसको लेकर सामान खरीद रहा था। पुलिस अभी आरोपी से हत्या के बारे में पूछताछ कर रही है।

# राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक को मिला और वर्ष 2004 से वर्ष 2017 तक का अंतर जिला स्थानांतरण होने पर प्राथमिक शिक्षकों के वेतन में एचआरएमएस पोर्टल पर दिक्कत आने पर ज्ञापन दिया। विदित है कि वर्ष 2004, 2008, 2011 और 2017 के अंतर जिला स्थानांतरण होने पर शिक्षकों का एचआरएमएस पोर्टल पर वेतन संबंधी समस्याएं आ रही हैं जिस कारण अप्रैल माह का वेतन निकालना बहुत मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। इस समस्या से शिक्षा विभाग को पहले भी अवगत करवा दिया गया है आज फिर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक के जिला कार्यालय में मिला और इस समस्या को जल्द हल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, जिला महासचिव संदीप चौहान, अमन पाल, राजेंद्र जांगड़ा, प्रवीण, सतीश भारद्वाज व सुरेश पलवल मौजूद रहे।



## 28.58 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर प्रदेश में पहले स्थान पर है नगर निगम यमुनानगर जगाधरी


# निगम कर्मचारी संपत्ति सत्यापन कार्य में दिखाएं गंभीरता: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों की ली बैठक

संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे सभी कर्मी गंभीरता से अपना कार्य करें। कोई भी कर्मचारी ढील व लापरवाही से कार्य न करें। संपत्ति सत्यापन कार्य में तीव्रता लाएं। संपत्ति सत्यापन कार्य को गंभीरता से न लेने वाले कर्मचारी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाए जाएगी। यह निर्देश निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में दिए।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कर्मचारियों को अपने कार्य में तेजी लाए जाने और रोजाना 25 से अधिक संपत्तियां सत्यापित करने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने सभी कर्मचारियों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया। उन्होंने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र की 60 हजार 300 संपत्तियां सत्यापित हो चुकी हैं। 28.59 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रदेश में पहले स्थान पर है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की सभी संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा। जिन शहरवासियों की संपत्ति सत्यापित नहीं हुई है। वह घर घर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति सत्यापित करवाएं। जो व्यक्ति अपनी संपत्ति सत्यापित नहीं कराएगा। उसे बाद में निगम कार्यालय में आकर यह कार्य करना पड़ेगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की कि वे डोर टू डोर जा रहे निगम कर्मचारियों से अपनी संपत्ति सत्यापित करवाएं।



यमुनानगर के लघु सचिवालय में आयोजित निगम कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा।

# मौसम ने फिर ली करवट, आसमान में बादल छाने से बरसात के आसार बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- किसानों की चिंता भी बढ़ी

मौसम में बदलाव के साथ ही किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। शाम को अचानक आसमान में बादल छा जाने से मौसम फिर ठंडा हो गया। इसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

उधर खराब मौसम को देखते हुए मौसम विभाग की ओर से 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें चंडीगढ़ के अलावा पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल शामिल हैं।इन जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।मौसम विभाग अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर व पश्चिमी जिलों में बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल से 2 मई तक मौसम शुष्क व साफ रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान दिन का तापमान 42 से 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में एक बार फिर तीन मई को एक और विक्षोभ एक्टिव होने के आसार दिख रहे हैं।

हालांकि अप्रैल के मुकाबले इस विक्षोभ के कमजोर होने के कारण सिर्फ आंशिक रूप से बादलवाही ही रहेगी। इसका असर 4 मई तक रहेगा। इसके बाद दोबारा से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।

### रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगे लाऊडस्पीकर

# राजनीतिक दल या उम्मीदवार को रोड शो निकालने के लिए लेनी होगी इजाजत : डीसी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश आयोग के नियमों का पालन करना होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाएं जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा।

## पड़ोसी राज्यों के कर्मचारी मतदाताओं के लिए मतदान के दिन रहेगा पेड होलीडे

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है, ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होलीडे के रूप में नामित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 01 जून, 2024 तथा एनसीटी दिल्ली में 25 मई , हिमाचल प्रदेश में 01 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 01 जून,

## खबर संक्षेप



### मराठा वीरेंद्र वर्मा ने नामांकन भरा

**करनाल।** करनाल लोकसभा में एनसीपी और इनेलो के सांझे उम्मीदवार मराठा वीरेंद्र वर्मा ने मंगलवार को अपना नामांकन फार्म भर दिया। इस दौरान इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव चौधरी अभय सिंह चौटाला उनके साथ में रहे। इनेलो का साथ मिलने के बाद मराठा वीरेंद्र वर्मा का जोश दोगुना हो चुका है। दोनों पार्टियों के बीच एक समझौता हुआ है कि इनेलो करनाल में वीरेंद्र मराठा की मदद करेगी और एनसीपी कुरूक्षेत्र में अभय सिंह चौटाला की मदद करेगी। दोनों ही पार्टियां करनाल और कुरूक्षेत्र सीट निकालने का दावा कर रही हैं।



### मारकंडा नेशनल कॉलेज में पीटीएम का आयोजन

**शाहबाद।** मारकंडा नेशनल कॉलेज ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक माता.पिता और शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया। यह बैठक अर्थशास्त्र, मार्केटिंग, अंग्रेजी विभाग एवं महिला सेल के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, माता.पिता और शिक्षको के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करना था। इस बैठक में विद्यार्थियों और उनके माता.पिता ने अपने शिक्षकों के साथ विशेष चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा और उनकी शैक्षणिक प्रगति में मदद मिली। कार्यक्रम की संयोजिका महिला सेल प्रभारी डॉ. प्राची अरोड़ा और मार्केटिंग विभागध्यक्ष प्रो. मंजू गुप्ता रही और सह संयोजक अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कल्पना रही।

### संस्थान का भूमि पूजन कार्यक्रम कल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला की ओर से गुरु दक्ष प्रजापति जी शिक्षण संस्थान हेतु खरीदी गई साढ़े 3 एकड़ भूमि की चारदीवारी व भूमिपूजन कार्यक्रम 2 मई 2024 को सुबह सवा 9 बजे से लगातार आयोजित होगा। भारतीय प्रजापति हीरोज ऑगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रजापति सतीश सरोहा ने कहा कि कार्यक्रम में समाज की भागेदारी को लेकर टीम लगातार समाज के लोगो के बीच जा रही है।

### ओटीसी दवाओं की बिक्री के प्रस्ताव पर जताई चिंता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य केमिस्ट्स एवं ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने बिना लाइसेंस के ओवर द कांउटर (ओटीसी) दवाओं की बिक्री की अनुमति देने के प्रस्ताव पर चिंता जताई है। प्रदेश अध्यक्ष मंजीत शर्मा एवं प्रदेश महासचिव अशोक सिंगला ने इस बात पर जोर दिया है कि यह कदम मौजूद दवा कानूनो, फामेर्सी विनियमों का उल्लंघन करेगा, ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

### विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो की ओर से आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 237 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्या वीना की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि यद्यपि प्रतिबंधित नशा तस्करी को विफल करने के लिए पुलिस और हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो दिन रात प्रयास कर रही है तो भी यह कार्य पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हो पा रहा है। नशा मुक्त अभियान चलाकर जन जन को सचेत कर यह कार्य किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि न केवल प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए क्षति कारक है अपितु तम्बाकू उत्पाद भी घातक हैं। भारत में प्रत्येक 4 सेकंड में एक व्यक्ति धूम्रपान के कारण मर रहा है।

## परशुराम जयंती का न्योता दिया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा, महोत्सव में उमड़ेगा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम बताए मार्ग पर चलते हुए हमें समाज को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों में इस समारोह को लेकर भारी उत्साह बना हुआ है। विनोद शर्मा 5 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का निमंत्रण देने के लिए कई स्थानों पर पहुंचे। मंगलवार को विनोद शर्मा करनाल के गांव कमालपुर रोड़ान, राजेपुर, खुखनी, गढ़ी जाटान, पूजम, कुडक्क, जरीफाबाद व बालू में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को भगवान परशुराम जयंती महोत्सव में पहुंचने का निमंत्रण दिया और कहा कि इस कार्यक्रम में आप सभी लोग अवश्य पहुंचें। ग्रामीणों ने कहा कि वे समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि कहा कि करनाल की पुरानी सब्जी मंडी में 5 मई को भगवान परशुराम जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया।

## अध्यापकों को प्रमाण पत्र व निपुण कप दिए

- राजकीय विद्यालय इंद्री मे प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के प्रांगण में चल रही निपुण मिशन हरियाणा के अंतर्गत बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान पर आधारित चार दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र व निपुण कप वितरित करके सम्मानित किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी अंजू सरदाना व प्रधानाचार्य वंदना चावला ने मास्टर ट्रेनर्स धर्मेंद्र चौधरी, रविंद्र शिल्पी, डॉ. बारू राम,मोनिका, नीतू, कांबोज, सुनंदा, कविता रानी, निशा कांबोज को कार्यशाला संचालन के लिए बधाई दी।



**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के प्रांगण में चल रही कार्याशाला मे प्रमाण पत्रों के साथ अध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

### शिक्षकों की जिम्मेदारी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्राध्यापक करनैल सिंह ने अध्यापकों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में सीखी गई दक्षताओं में बच्चों को निपुण बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। उन्होंने कहा कि सिखाई गई दक्षताओं का अभिलेख रखना भी जरूरी कार्य है। कार्यशाला को सफल बनाने मे महिंद्र कुमार खेड़ा, सुखविंदर सिंह, रजत शर्मा, अनिल आर्य, युगल किशोर मित्तल, शैलजा, पूजा, गरिमा, रीना, सविता, प्रियंका का सहयोग रहा ।



### सेशन जज ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का किया औचक निरीक्षण, बच्चों की परेशानियां भी जानीं

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश करनाल श्री चंद्रशेखर एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश करनाल श्री रजनीश ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण किया और वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है। इसके बाद उन्होंने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा एवं आज के भोजन को लेकर बच्चों से बात की। उन्होंने खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में भोजन के दौरान क्या क्या खिलाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लियाएवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया । इसके बाद श्रद्धानंद अनाथ आश्रम ट्रस्ट के शर्मा ने बताया कि अभी यहां पर 71 बच्चे रह रहे हैं।

## सहजन औषधीय गुणों से भरपूर

- शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री



शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में आयुष्मान भारत योजना के तहत महाविद्यालय में पौधरोपण किया गया । जिसमें आयुर्वेद औषधि के पौधों को रोपित किया गया । जिसमें मुख्य रूप से सहजन के पौधे लगाए गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विकास अत्री ने बताया कि सहजन औषधीय गुणों से भरपूर है । इसकी फली के अचार और चटनी कई बीमारियों से मुक्ति दिलाने में सहायक हैं। यह जिस जमीन पर यह लगाया जाता है, उसके लिए भी लाभप्रद है। दक्षिण भारत में साल भर फली देने वाले पेड़ होते है । उत्तर भारत में यह साल में एक बार ही फली देता है। सर्दियां जाने के बाद फूलों की सब्जी बना कर खाई जाती है फिर फलियों की सब्जी बनाई जाती है। डॉ सुरेंद्र सैनी ने बताया कि सहजन वृक्ष किसी भी भूमि पर पनप सकता है और कम देख-रेख की मांग करता है। इसके फूल, फली और टहनियों को अनेक उपयोग में लिया जा सकता है। भोजन के रूप में अत्यंत पौष्टिक है और इसमें औषधीय गुण हैं। इसमें पानी को शुद्ध करने के गुण भी मौजूद हैं। सहजन के बीज से तेल निकाला जाता है और छाल पत्ती, गोंद, जड़ आदि से दवाएं तैयार की जाती हैं।

## मनोहर की चुनावी रथयात्रा का आगाज

- गांव गंगाटेहड़ी पोपड़ा से हुई शुरूआत, करनाल लोकसभा क्षेत्र का करेगी दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की चुनावी रथयात्रा का आगाज मंगलवार को करनाल जिले के असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव गंगाटेहड़ी पोपड़ा से हुआ। हर गांव में जगह-जगह इस यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा की शुरूआत गंगाटेहड़ी पोपड़ा में स्कूल के सामने ग्राउंड से हुई। इसके बाद यह यात्रा गांव बाहरी, थल, शर्फअली खेड़ी, बसी, बिलौना, राहड़ा से होते हुए ललैण, रत्तक, चोचड़ा, रूक्साना, इच्छनपुर, डाचर व निसिंग में पहुंची। मनोहर लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि 5 साल के बाद सरकार को लाइसेंस रिन्यू होता है और लाइसेंस रिन्यू करने की जिम्मेदारी जनता की है।

## गीता मॉडर्न स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आज दिनांक 30-04-2024 को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में अनुराग 94 प्रतिशत रोहन 87 प्रतिशत विनीत शर्मा 85 प्रतिशत और विज्ञान संकाय में आदित्य 85 प्रतिशत और प्राची 83 प्रतिशत कला संकाय में रिंकी शर्मा 86 प्रतिशत रोहित शर्मा 86 प्रतिशत भक्ति 85 प्रतिशत आंचल 81 ने प्रतिशत लेकर मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया विद्यालय के प्रबंधक महोदय बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या रागिनी राय जी ने मेरिट लेने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा बच्चों एवं अभिभावकों का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद, सुभाष चंद्र, डिंपल त्रिपाठी, कर्मजीत कौर, राजवीर, नीरज एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।




**तरावड़ी।** प्रबंधक महोदय बालकृष्ण त्रिपाठी बच्चो का मुंह मीठा करवाते हुये।

## कानूनी दायरे में रहकर करें कार्य : हरविंद्र

- चुनावों के दृष्टिगत कानूनी पहलुओं पर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



चुनावों के दृष्टिगत कानूनी पहलुओं पर विचार विमर्श को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय करण कमल में लोकसभा चुनावों को लेकर संगठन के विधान सभा स्तर पर नियुक्त लीगल सैल के अधिवक्ताओं की बैठक करनाल लोकसभा चुनाव संयोजक विधायक हरविंद्र कल्याण ने बैठक ली। इस बैठक में करनाल लोकसभा की सभी नौ विधानसभा में लीगल सेल को देख रहे अधिवक्ता मौजूद रहे। इस बैठक में चुनावों में होने वाले खर्च के हिसाब को लेकर किसी भी प्रकार समस्या उत्पन्न न हो उस बारे विचार विमर्श किया गया। बैठक में लोकसभा चुनाव संयोजक हरविंद्र कल्याण ने दिशा निर्देश देते हुए कहा की कानूनी तौर पर चुनाव के दौरान कोई भी समस्या न उत्पन्न हो इसके लिए आप सभी विधानसभाओं पर नियम अनुसार कार्य करें। चुनावी कार्यालय में चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का पूरा लेखा जोखा सही सही लिखा जाए। कार्यालय मे सभी खर्च नियम अनुसार ही किया जाए, ताकि पार्टी को इस समस्या से कोई परेशानी ना हो। इस बैठक में विधायक हरविंद्र कल्याण ने हिदायत देते हुए कहा कि हमें सभी कार्य कानूनी दायरे में व आपसी विचार विमर्श से करने हैं।

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में लोकसभा चुनाव सहप्रमुख एडवोकेट संजय मदान, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवेश शर्मा, एडवोकेट अशोक सिरसी, एडवोकेट मोहिंदर सिंह एडवोकेटसतीश अरोड़ा, एडवोकेट अनिल लठवाल, एडवोकेट धीरज खरकाली, एडवोकेट राहुल बाली, एडवोकेट सुरेश गोयल, एडवोकेट अनुज गुप्ता, एडवोकेट पवन खुराना सहित अन्य मौजूद रहे।

## अदिति ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

- वॉरियर वर्ल्ड ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते कुल आठ पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




स्टेयर्स यूथ नेशनल गेम्स की ताइक्वांडो प्रतिस्पर्धा नई दिल्ली के इन्दिरागांधी स्टेडियम में 27 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक आयोजित की गई। इस प्रतिस्पर्धा में खेल व युवा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त वॉरियर वर्ल्ड ताइक्वांडो एकेडमी करनाल के होनहार खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, एक सिल्वर और दो कांस्य पदक जीतकर करनाल का नाम रौशन किया है। इसमें अलग अलग वर्गों में एकेडमी के 15 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अदिति मलिक, विसू, सूर्या, हरमीत और गुरजोत ने स्वर्ण पदक, यशवी ने सिल्वर तथा अभिजोत और प्रीशिता पंवार ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अदिति ने अपनी जीत का श्रेय अपने माता-पिता और कोच मनीष मलिक को दिया। खिलाड़ी अदिति मलिक पिछले वर्ष स्कूली खेलों की स्टेट स्वर्ण पदक विजेता भी रही हैं। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में रजत पदक की विजेता भी रह चुकी हैं। कुमारी अदिति मलिक के पिता कंवरजीत मलिक राजकीय महाविद्यालय करनाल में वाणिज्य संकाय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और उनकी माता प्रवीण मलिक गृहिणी है। एकेडमी के कोच मनीष मलिक ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

### संयंत्र का किया दौरा, कचरा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया देखी

## विद्यार्थियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

नगर निगम के शेखपुरा स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का माउंट लिटेरा जी स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को निरीक्षण किया। संयंत्र किस प्रकार से कार्य करता है, कचरा पहले किस ट्रोमल में डाला जाता है, उसके बाद उसे किस-किस प्रोसेस से गुजारा जाता है, यह सब विद्यार्थियों ने लाईव देखा। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि गत दिनो माउंट लिटेरा जी स्कूल में आयोजित जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कूड़ा पृथक्करण के लिए जागरूक किया गया था। उस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने अपने विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का दौरा करवाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके तहत मंगलवार को उन्हें प्लांट का दौरा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को दिखाया गया है कि घरों से निकलने वाला मिक्स कचरा किस प्रकार का आता है और इसे कैसे अलग-अलग किया जाता है। विद्यार्थियों को बताया कि अगर प्रत्येक घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग आए, तो उसके क्या-क्या फायदे हैं। इस दौरान बच्चों ने प्लांट परिसर में विंड-रो, 100 एम.एम. ट्रोमल, 35, 16 व 4 एम.एम. ट्रोमल के जरिए किस प्रकार कचरे का निस्तारण कर खाद तैयार की जाती है, यह पूरी प्रक्रिया समझी। इसके साथ-साथ उन्होंने निस्तारण के दौरान निकले आर.डी.एफ. व इन्अर्ट को भी देखा। विद्यार्थियों ने करीब एक घण्टे की विजिट में प्लांट की पूरी प्रक्रिया को देखा।



### गीला व सूखा कचरा अलग करने की अपील

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि दौरे के पश्चात पुनः बच्चों को जागरूक किया गया कि वह अपने परिवार व आस-पड़ौस में लोगों को कूड़ा पृथक्करण करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह प्रक्रिया निरंतर जारी रखने से ही शत प्रतिशत कूड़ा पृथक्करण करने में सफलता हासिल हो सकती है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते कहा है कि वह अपने घर पर नीला व हरा, दो तरह के डस्टबिन का प्रयोग करें तथा कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके ही दें।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर भापरा रोड पर दुकान के बाहर अवैध रूप से शराब बेच रहे राजेश निवासी संगम कालोनी, भापरा रोड समालखा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 21 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है।

### पुलिस के 12 कर्मी हुए रिटायर

**पानीपत।** पानीपत पुलिस में नियुक्त इंस्पेक्टर वेद प्रकाश, आनरेरी इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र, आनरेरी इंस्पेक्टर हेमचंद्र, आनरेरी इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार, ईएसआई बलराज सिंह, ईएसआई रमेश कुमार, ईएसआई पूर्णचंद, ईएसआई हवासिंह, ईएसआई महेंद्र सिंह, ईएसआई मोहिंद्र सिंह, जल वाहक दिल बहादुर व सफाईकर्मी सुरेश का विभाग में कार्यकाल पूरा होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत द्वारा फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

### कैंसर के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत के प्रांगण में कैंसर वैलफेयर सोसायटी की ओर से संजय अग्रवाल द्वारा छात्रों को कैंसर से बचाव हेतु अनेक उपाय बताए। विद्यालय प्रकंगण में पहुचने पर प्राचार्य मनीष घनगस ने उनका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। वही, प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि यदि हमें अपने शरीर में किसी प्रकार की बीमारी या बदलाव नजर आने लगे तो हमें हमें तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए।

### चुनाव ड्यूटी को फार्म 12 डी भरना होगा

**पानीपत।** लोक सभा 2024 के आम चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनके विभाग में जो कर्मचारी व अधिकारी 25 मई को चुनावी डयूटी पर रहेंगे वे मतदान से संबंधित फार्म 12डी को भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय में 3 मई से पूर्व जमा करवा दें।

### कैंटर से बैटरी चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने भारत नगर में घर के बाहर खड़े कैंटर से बैटरी चोरी करने वाले आरोपी तालिब निवासी बुढानी खुर्द मुजफ्फरनगर यूपी हाल छोटू राम चौक को बलजीत नगर नाका के पास से गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में होशियार सिंह पुत्र जिले सिंह निवासी भारत नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### लोस चुनाव में मतदान अवश्य करें

**पानीपत।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। वही, जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

# विद्यार्थी को आगे बढ़ने की शक्ति देते हैं खेल : कादियान

धीरज ने स्कूल डेवलपमेंट स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया नेशनल में 57 से 60 किलो ग्राम मे प्रथम स्थान प्राप्त किया



**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान, विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत के खिलाड़ियों नवीन ढांडा व धीरज का विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान व कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, प्रिंसिपल सत्यवान मलिक के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं कादियान ने बताया कि हमारे विद्यालय के खिलाड़ी नवीन ढांडा ने मलेशिया में आयोजित ताइक्वांडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप में अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त कर दुनिया भर में भारत, हरियाणा, पानीपत व आर्य बाल भारती स्कूल का नाम रोशन किया है। जबकि धीरज ने स्कूल डेवलपमेंट स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया नेशनल में 57 से 60 किलो ग्राम मे प्रथम स्थान प्राप्त करके स्कूल व पानीपत हरियाणा का नाम रोशन किया है। वहीं प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि विद्यार्थी को आगे बढ़ने की शक्ति देते है खेल हमारा विद्यालय आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संचालित है और आर्य प्रतिनिधि हरियाणा द्वारा जितने भी विद्यालय व गुरुकुल संचालित है वह सब ऋषि दयानंद के बताए हुए मार्ग पर चलते हैं। इस देश को कुरीतियों के खिलाफ जगाने का कार्य ऋषि दयानंद व उनके उपरांत स्वामी श्रद्धानंद ने किया है। वेदों की ओर लौटों अभियान ऋषि दयानंद ने ही चलाया। वही, स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रबंध समिति सभी खिलाड़ियों को समय-समय पर उचित पुरस्कार देकर सम्मानित करेगी। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी प्रबंध समिति के सदस्यों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विद्यालय के डीपी जगदीश चहल सुनील कुमार, प्रवीण, रेखा, सोनिका दहिया, सरला आदि सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# अध्ययन से बढ़ता है ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** डीएसपीएस की प्राचार्य डॉ. विनीता तोमर के साथ मेधावी विद्यार्थी।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में साहित्यिक कल्ब की ओर से हिंदी समाचार पत्र वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ प्रधानाचार्य डॉ. विनीता कुमार तोमर ने किया। इसमें कक्षा छठी से आठवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पठन कौशल को विकसित करना रहा। बच्चों ने प्रतियोगिता में बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या डॉ. विनीता कुमार तोमर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने पठन कौशल को विकसित करने के लिए समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं जीवन की अन्य उपयोगी पुस्तकों को अभ्यास निरंतर जारी रखना चाहिए। अंत में प्रधानाचार्या महोदया ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया एवं भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत ।समाजसेवी सविता आर्य के साथ राजकीय स्कूल की छात्राएं।

नारी तू नारायणी उत्थान समिति द्वारा चलाए जा रहे मतदान जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर के बच्चों और शिक्षको के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली। जिसकी अध्यक्षता नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्या ने की। सविता आर्या ने बताया कि हमारी समिति द्वारा मतदान को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमे गांव गांव जाकर महिला ,पुरुषों और युवाओं को मताधिकार प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ताकि जिस दिन मतदान हो उस दिन सभी अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद के लिए चुनाव होने जा रहा है। बिना किसी बहकावे के योग्य ओर ईमानदार उमीदवार को अपना मत देना चाहिए। लोकतंत्र में पहली से आखरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मतदान का अधिकार है।

# एसडी कॉलेज बना कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कबड्डी चैंपियन

■ विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के विजेता खिलाड़ी प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की कबड्डी टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप जीतकर न सिर्फ कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया बल्कि इस कारनामे को लगातार तीसरी बार अंजाम देकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह टूर्नामेंट हाल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यायल में सम्पन्न हुआ और इसमें एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने जोन और इंटरजोन की विजेता टीमों को सभी मैचों में पछाड़ते हुए पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप पर कब्जा किया। इधर, विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ. सुशीला बेनीवाल, प्रो. रेखा, कोच अंकुश मलिक और ग्राउंड्समैन प्रताप ने किया। कॉलेज की पुरुष कबड्डी टीम ने कप्तान राहुल की अगुआई में सचिन, संजू, सुमित, अक्षय, सुमित कुमार, सागर, नवीन, शुभम, मंजीत, अभिषेक और साहिल के शानदार खेल के बूते पर सभी मैचों में एकतरफा जीत हासिल कर इस मुकाम को प्राप्त किया। सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इस टीम के 4 खिलाड़ी अक्षय, मंजीत, शुभम और अभिषेक पहले आल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी की टीम के लिए खेल चुके है। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए कहा कि ऐसे खिलाडी बहुत कम होते है जो कम उम्र में बड़े कारनामे कर जाते है। खिलाड़ियों की कामयाबी का सफर बहुत लम्बा है और यह अभी और भी बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।

# दिव्यांशु आज करेंगे नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** कांग्रेस के प्रत्याशी दिव्यांशु पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

करनाल लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा एक मई को करनाल के हुडा ग्राउंड में विशाल सभा करके अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदय भान सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित होंगे। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नामांकन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व हो इसकी तैयारी शुरू कर दिया है। नामांकन सभा में करनाल के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और जनसैलाब दिखाई दे इसके लिए कॉग्रेस कार्यकर्ता तैयारी में जुट चुके है। इस अवसर पर कांग्रेस के इसराना विधायक बलबीर वाल्मीकि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र बुल्ले शाह, पूर्व मंत्री विजेंद्र उर्फ बिल्लू कादयान, पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू, धर्मवीर सिंह मलिक, खुशीराम जागलान, सुभाष बटला, राजकुमार पाहवा, जितेंद्र अहलावत, माधव शर्मा, राजेश सूरी, बलजीत आदि मौजूद रहे।



### श्रीराम कथा में सुनाया राम वनवास प्रसंग

**थानेसर।** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज अयोध्या धाम ने श्रद्धालुओं को राम वनवास प्रसंग विस्तार से सुनाया। आयोजक पंडित उमेश पाठक के सान्निध्य में पिपली से प्रेम गोयल परिवार ने बतौर मुख्य यजमान श्रीराम कथा का पूजन किया। साथ ही आदित्य सिंगला, अशोक सिंघल, अक्षय सिंघल, अमन सिंगला,अशोक गुप्ता, मोहित गर्ग,विक्की राणा और रामस्वरूप मित्तल भी पूजन में शामिल हुए। प्रवचनों में तुलसी महाराज ने बताया कि राम वनवास रामायण की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। भगवान श्रीराम का देवी सीता व अपने भाई लक्ष्मण के साथ वनवास गमन करना विधि के विधान के अनुसार पहले से ही निश्चित था। श्रीराम कथा की आरती में पंडित गोविंद वैद्य,अरुण मिश्र,अरुंजय,बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी, विनोद सिंगला, विशेष गर्ग, राहुल सिंगला, उमाशंकर और अश्वनी मित्तल सहित सहयोगी, कालोनीवासी और महिलाएं शामिल रहीं।

# आईबी कॉलेज के नौ विद्यार्थी केयू की मेरिट में छाए

■ डॉ. शशि प्रभा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



आईबी कॉलेज की मेधावी छात्राएं अपनी टीचर्स के साथ।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में आईबी पीजी महाविद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। एमए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर में छात्रा ज्योति ने प्रथम, पूजा रानी ने तृतीय, प्रियंका व शंकर ने सातवां व सूचिका ने दसवां स्थान प्राप्त किया। एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर में प्रियंका ने प्रथम, प्रीति ने चतुर्थ, संजू ने नौवां एवं मनीषा ने ग्यारवां स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। इधर, हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. शशि प्रभा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं अधिक मेहनत करके लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इधर, छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व प्राध्यापकों की मेहनत वह कुशल मार्गदर्शन को दिया। सम्मान समारोह के अवसर पर डॉ. शशि प्रभा, डॉ. किरण मदान, डॉ. गुरनाम, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. जोगेश, डॉ. निर्मला, डॉ. पूजा व डॉ. रेखा मौजूद रहे।

# सदानंद बाल विद्या मंदिर के विद्यार्थी मेरिट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। सदानंद बाल विद्या मंदिर स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते हुए टीचर्स।

सदानंद बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीनियर सेकेंडरी कक्षा का परीक्षा परिणाम गत वर्षों की भांति काफी शानदार रहा। स्कूल के 33 विद्यार्थियों ने सीनियर सेकेंडरी कक्षा की परीक्षा दी।

परिणाम शत प्रतिशत के साथ-साथ मेरिट में भी अग्रणीय रहा। 33 में से 22 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया, जिसमें काजल ने 468 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान, खुशी राय ने 464 अंक लेकर विद्यालय में दूसरे स्थान और तनीषा 461 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। 33 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। इस शानदार परीक्षा परिणाम के अवसर पर प्रधानाचार्या सुधा रानी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी और सभी बच्चो की सफलता की कामना की। प्रबन्धक राकेश कुमार सैनी ने बताया कि हमारा विद्यालय बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट मे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता आया है। इस मौके पर रामदर्श, चिराग छाबड़ा, मंजीत, आशुतोष, ममता, ज्योति शर्मा, गीतू, अंजलि, शीना, सोनिया, स्वीटी, चंचल आदि मौजूद रहे।

# मंडियों में गेहूं की आवक हुई तेज

**पानीपत।** रबी फसल खरीद अभियान के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 285731 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 282969 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 36436 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 112123 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 104111 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4644 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

राजरानी पत्नी स्व. श्री कुन्दन लाल निवासी मकान नम्बर 640/3, इंसार मौहल्ला, इन्साल चौंक, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राजरानी पत्नी स्व. श्री कुन्दन लाल निवासी मकान नम्बर 640/3, इंसार मौहल्ला, इन्साल चौक, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री कुन्दन लाल पुत्र श्री केसर दास की मृत्यु दिनांक 20.01.2019 को हो चुकी है इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गए है। हलका पटवारी तथा मिनाक्षी नारंग, नगर निगम पार्षद वार्ड 9 पानीपत द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है :-

1. राजरानी (पत्नी) 2. कीर्ति (पुत्री) 3. पूजा (पुत्री) 4. महक (पुत्री) 5. साहिल (पुत्र) कुल (5) जायज वारिस हैं।

इनके अलावा मृतक श्री कुन्दन लाल का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 29.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

सुरेन्द्र पुत्र श्री सूरज प्रकाश निवासी मकान नम्बर 4, वार्ड नम्बर 3, हरी बाग कालोनी, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सुरेन्द्र पुत्र श्री सूरज प्रकाश निवासी मकान नम्बर 4, वार्ड नम्बर 3, हरी बाग कालोनी, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी की माता श्रीमती उर्मिला रानी धर्मपत्नी श्री सुरजप्रकाश शर्मा दिनांक 27.11.2014 को स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला रानी के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1- उषा किरण पुत्री 2- सुमन शर्मा पुत्री 3- राजेन्द्र कुमार पुत्र 4- सुरेन्द्र शर्मा पुत्र हैं। श्री अश्वनी ढीगडा पार्षद व लेखराज पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है ।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

आनन्द पुत्र स्वर्गीय श्री राममेहर निवासी मकान नम्बर 490, गली नम्बर 8, देसराज कालोनी, पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि आनन्द पुत्र स्वर्गीय श्री राममेहर निवासी मकान नम्बर 490, गली नम्बर 8, देसराज कालोनी, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी का दादा मुन्शी राम पुत्र श्री जुगलाल की मृत्यु दिनांक 10.01.1982 को हो चुकी है व प्रार्थी की दादी चमेली देवी धर्मपत्नी श्री मुन्शी राम काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय श्री मुन्शी राम के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस हैं 1- राममेहर पुत्र 2- माया देवी पुत्री है। इनमें से राममेहर पुत्र श्री मुन्शी राम का दिनांक 09.04.2024 को स्वर्गवास हो चुका है जिसके निम्न वारिस है 1- मंतोष रानी पत्नी 2- आनन्द पुत्र 3- शिव कुमार पुत्र 4- रवि पुत्र 5- सुनीता पुत्री 6- लक्ष्मी रानी पुत्री 7- रजनी देवी पुत्री 8- रानी पुत्री हैं। श्री रविन्द्र नागपाल पार्षद व लेखराज पटवारी हलका द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।

# राजकीय कॉलेज के हर्बल गार्डन में पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** राजकीय स्कूल के हर्बल गार्डन में पौधेरोपते हुए गणमान्य नागरिक। फोटो :हरिभूमि

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के हर्बल बोटैनिकल गार्डन में लोगों का लगने लगा तांता। महाराजा अग्रसेन अस्पताल पानीपत में सहायक ऑपरेशन थिएटर के पद पर कार्यरत शीलक राम ने अपनी पत्नी सीमा सहित अपनी 15वीं शादी की सालगिरह पर इको क्लब के सहयोग से पौधरोपण करवाया गया। इको क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब के अंतर्गत विशेष अवसरों जन्मदिन शादी की सालगिरह, विद्यार्थी की माता-पिता के जन्मदिन, नई नियुक्ति, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आदि पर महाविद्यालय में पौधरोपण करवाया जाता है जिसमे स्टाफ सदस्यों के अतिरिक्त आम आदमी भी इस पौधरोपण की मुहिम से जुड़ रहे है। इसी कड़ी में शीलक राम और उनकी पत्नी सीमा के हाथों पीपल के हाथों पीपल का पौधा हर्बल बॉटनिकल गार्डन में रोपित करवाया गया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण रुपी यज्ञ में आहुति डालने के लिए तैयार करना है। शीलक राम बौद्ध ने कहा कि हम सह परिवार प्रोफेसर दलजीत कुमार की वृक्षारोपण मुहिम को देखते हुए हर साल अपने जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह पर पौधरोपण करेंगे। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि हर्बल बॉटनिकल गार्डन में शीलक राम बौद्ध और उनकी पत्नी सीमा ने पौधरोपण के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा बुद्ध के दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानव कल्याण हेतु देय दान का संकल्प भी लिया है। डॉ. तकदीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए। डॉ. तकदीर सिंह, अनिल, विद्यार्थी नवनीत आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने धमकी देने वाला किया जांच में शामिल

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी गौरव को शामिल जांच किया है। पीडित महिला ने 21 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 फरवरी 2024 को आरोपी गौरव ने उसे जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आत्महत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 11 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित व अन्य ने उसके पुत्र को आत्महत्या करने के मामले में मानसिक रूप से परेशान किया जिससे तंग आकर उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी बलविंद्र सिंह उर्फ लक्की को शामिल जांच किया है। खानपुर राजपुताना के रामशरण ने 24 मई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी बलविंद्र सिंह व अन्य ने 6 अप्रैल 2017 को उससे मकान की खरीद-फरोख्त व रजिस्ट्री बारे धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ट्रक से अफीम तस्करी कर ला रहे तीन काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने नेशनल हाइवे 152डी पिल्लूखेड़ा टोल पर ट्रक सवार तीन लोगों का काबू कर उनके कब्जे से दो किलो 563 ग्राम अफीम बरामद की है। इसकी कीमत करीब पौने तीन लाख रुपये बताई जा रही है।ट्रक इंदौर से लोड होकर अंबाला की तरफ जा रहा था। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अफीम के साथ पकडे. गए तीनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### तीन दिन में जमा करवाएं अपना असलहाः एसपी

जींद। पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के लाइसेंस धारकों द्वारा अपना असलहा जमा न करवाने पर लाइसेंस धारक को नोटिस देना शुरू किया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार द्वारा असला लाइसेंस धारकों से अपने हथियार जमा कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। यदि कोई लाइसेंसी असलहा धारक जानबूझ कर अपना हथियार अगले तीन दिन में जमा नहीं कराता तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला जींद क्षेत्र के प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक के लिए अपना हथियार जमा करवाना अनिवार्य है। प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक संबंधित थाना में जाकर अपना लाइसेंसी हथियार निशुल्क जमा करवा सकता है।

### भाजपा आज मनाएगी धन्ना भगत जाट की जयंती

**जींद।** गांव अमरावलीखेड़ा में बुधवार को मनाई जाने वाली धन्ना भगत जाट जयंती की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजूमोर ने पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और आवश्क दिशा-निर्देश दिए। धन्ना भगत जाट जयंती समारोह को सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहरलाल, जेपी दलाल, रा'यसभा सांसद सुभाष बराला, कृष्ण पंवार व अन्य नेता संबोधित करेंगे। गांव अमरावली खेड़ा में मनाई जा रही धन्ना भगत जाट जयंती भाजपा के लिए अहम है। भाजपा के जिला अध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने की पूर्व सीएम मनोहर लाल ने परंपरा शुरू की थी। हरियाणा सरकार ने पिछले साल धन्ना जाट जयंती गाव धनौरी में मनाई थी। अब गांव अमरावली खेड़ा में जयंती का मनाया जा रहा है।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

# चुनाव में ईमानदारी से ड्यूटी करें सभी कर्मचारीः एडीसी

मतदान से पहले व मतदान के बाद होने वाली हर गतिविधि की विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** ड्यूटी कर्मियों को जरुरी जानकारी देती एडीसी अपराजिता व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव का लेकर अधिकारी व कर्मचारी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी करें। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को एसडी कॉलेज के सभागार में चुनाव के तहत लगे कर्मचारियों की एक बैठक ले रही थी। इस मौके पर उनके साथ अंबाला छावनी के एसडीएम व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सतिंद्र सिवाच भी मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारी व कर्मचारियों को चुनाव से एक दिन पहले काउंटिंग सेंटर से चुनाव सामग्री एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त करने हैं से जुड़ी जानकारी दी। इसके अलावा मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों व अन्य चुनाव सामग्री जमा करवाने समेत दूसरी जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने कर्मचारियों को यह भी कहा कि अगर किसी कर्मचारी व अधिकारी को कोई जानकारी लेनी है तो वह हर समय उपलब्ध हैं। इस दौरान एआरओ के संबंधित स्टाफ को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी हर कार्य के बारे जैसे पीओ डायरी, ईवीएम मशीन की सीलिंग, वीवी पैट, बेल्ट यूनिट व चुनाव से जुडे जो अन्य दस्तावेजों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एक बार फिर सभी कर्मचारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव कार्य के तहत वे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सभी के सहयोग से चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सतिंद्र सिवाच ने भी उपस्थित स्टाफ को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी हर गतिविधि के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आयोग की जो हिदायतें हैं उनकी पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। इस मौके पर डीआरओ योगेश कुमार, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, मास्टर ट्रेनर सुनील सूरी के साथ-साथ अन्य स्टाफ कर्मचारी मौजूद थे।

### स्टाफ को दी अहम जानकारी

*अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने ओपीएस विद्या मंदिर में आयोजित बैठक के दौरान चुनाव से जुड़े स्टाफ को चुनाव से एक दिन पहले काउंटिंग सेंटर से जो चुनाव सामग्री एवं अन्य दस्तावेज प्राप्त करने हैं और मतदान के उपरांत ईवीएम मशीनों व अन्य चुनाव सामग्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने कर्मचारियों को यह भी कहा कि ड्यूटी में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार ने भी उपस्थित स्टाफ को चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी हर गतिविधि के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आयोग की जो हिदायतें हैं उनकी पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव का बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।*

---

# विजय संकल्प रैली की तैयारियां पूरी

- सीएम नायब सैनी करेंगे शिरकत पूर्व मंत्री विज ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



रैली की तैयारियों का जायजा लेते पूर्व मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक मई को अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में प्रातः नौ बजे प्रस्तावित विजय संकल्प रैली को लेकर आज तैयारियों का जायजा लिया। विज ने बताया कि एक मई को अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में प्रातः नौ बजे रैली आयोजित की जाएगी और इस रैली को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी संबोधित करेंगे। रैली के उपरांत अंबाला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया अपना नामांकन पत्र भरेंगी।

उन्होंने गांधी ग्राउंड में बैठने की व्यवस्था, स्थल तक आने-जाने के मार्ग, वीआईपी पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में रैली स्थल पर समय से पहुंचे। इस दौरान विज ने अलग-अलग व्यवस्था बनाने के लिए अलग-अलग पदाधिकारियों की जिम्मेवारियां तय की। उन्होंने मौके पर सुरक्षा एवं अन्य प्रबंधों का भी जायजा लिया। गौरतलब है कि आगामी एक मई को अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया अपना नामांकन भरेंगी। इससे पहले अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित पूर्व गृह मंत्री अनिल विज सहित अन्य नेतागण मौजूद रहेंगे।

### नरवाना बार में फैमिली मैंबर की तरह मिलकर करेंगे काम : जज शिफा

**नरवाना।** बार एसोसिएशन नरवाना में नए जजों के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट बलजीत मलिक ने एडिशनल सेशन प्रिंसीपल जज फैमिली कोर्ट शिफा कर्ण सिंह एसडीजेएम जज संदीप कुमार व जेएमआईसी जज मनजीत पाल व अश्वनी गुप्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव एडवोकेट सुमित श्योकंद ने की। सचिव सुमित श्योकंद ने सीविल कोर्ट के नए जजों के सामने फैमिली कोर्ट को 15 दिन में एक बार की बजाए हर हफते किए जाने की मांग रखी ताकि मुकद्मों का जल्दी निपटारा हो सके।

### अशोक बूंदी प्रदेश कांग्रेस ऑटो ड्राइवर्स सैल के चेयरमैन नियुक्त



- युवा कांग्रेस से राजनीति शुरू करने वाले बूंदी पार्टी में कई पदों पर कर चुके हैं काम

**अंबाला।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन के चेयरमैन अशोक बूंदी वशिष्ठ को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान ने अशोक बूंदी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑटो चालक सैल का चेयरमैन नियुकत किया है। बूंदी की नियुक्ति पर ऑटो चालकों ने पार्टी हाईकमान के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उदयभान के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया का भी आभार जताया। खुद बूंदी ने कहा कि कांग्रेस की ओर से मिली जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। बता दें कि अशोक बूंदी 1987 से कांग्रेस में जुड़े हैं। युवा कांग्रेस से राजनीति शुरू करने वाले बूंदी पार्टी में विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। बूंदी की गिनती पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास लोगों में होती है। पहलवान के नाम से पहचान रखने वाले बूंदी समाजसेवा में भी बड़ा नाम है। ऑटो चालकों के हितों की वे लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं। साथ ही धार्मिक गतिविधियों में उनकी हिस्सेदारी से हर कोई वाकिफ है। नियुक्ति के साथ ही बूंदी ने भाजपा सरकार पर भी हमला बोला।

---

# कॉपी राइटर के खिलाफ जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

**खास बातें**


- टीए-डीए के जरिए सरकारी खजाने को चूना लगाने का आरोप
- आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में हुआ था खुलासा

सरकारी खजाने को चूना लगाने के आरोपों को लेकर कॉपी राइटर विनोद कुमार के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक को मामले की शिकायत भेजी गई थी। अंबाला शहर के सैक्टर 7 के रहने वाले नीरज चोपड़ा ने मामले की शिकायत महानिदेशक को भेजी थी। शिकायत से पहले चोपड़ा ने आरटीआई के तहत विभाग से सूचना मांगी थी। उस सूचना में ही विभाग में बतौर कॉपी राइटर के पद पर तैनात विनोद कुमार पर गैरकानूनी तरीके से टीए डीए लेने का खुलासा हुआ था। चोपड़ा के मुताबिक विनोद कुमार चंडीगढ़ प्रशासन की ओर स अलॉट सरकारी मकान में रह रहा है। इसकी एवज में उससे हर महीने 173 रुपये लाइसेंस शुल्क की कटौती भी की जा रही है। सूचना के मुताबिक विनोद कुमार ने अक्तूबर, नवंबर व दिसंबर 2022 व जनवरी से लेकर अक्तूबर 2023 तक विभागीय कर्मियों की मिलीभगत से टीए व डीए वसूलकर सरकारी खजाने को चूना लगाया है।चोपड़ा की ओर से आरटीआई के तहत मांगी गई पूरी सूचना का ब्यौरा भी महानिदेशक को दिया गया है। साथ ही उन सबूतों का जिक्र भी शिकायत में किया गया है जिनके आधार पर कॉपी राइटर विनोद कुमार द्वारा सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की बात कही गई। शिकायत के बाद अब विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ ने विभाग के संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता को मामले में जरुरी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# दूसरे दिन भी किसी उम्मीदवार ने दाखिल नहीं किया नामांकन पत्र, पूरे दिन इंतजार करते रहे अधिकारी

- बुधवार को भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया कर सकती हैं नामांकन पत्र दाखिल, भाजपा की ओर से हो रही है तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों का इंतजार करते जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे दिन भी किसी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। पिछले दो दिनों से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की ओर से नामांकन पत्र दाखिल करने की बात कही जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। एईओ, अकाउंटिग टीम, वीएस और वीवी टीमें पूरी तरह से कार्य कर रही हैं। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई दोपहर 3 बजे तक है। उन्होंने बताया कि मंगलवार 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की जाएगी जबकि गुरूवार 9 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस ले सकेंगे। इसी दिन बाद दोपहर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों की सूचि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 25 मई दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा।

---

# पंजाबी भाषा व साहित्य राज्य का अनमोल अंगः डॉ. अनुपमा आर्य

- आर्य गर्ल्स कॉलेज में एमओयू के तहत व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला




**अंबाला।** मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

आर्य गर्ल्ज कॉलेज के प्रांगण में एमओयू के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के आरंभ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने डॉ. बलवान सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि पंजाबी भाषा और पंजाबी साहित्य राज्य का अनमोल व अभिन्न अंग है। इसमें पंजाबी साहित्य के सभी रंग रूपों का सम्मेलन बडे. उच्च कोटि के विस्तारक रूप में देखने को मिलता है। लघु कहानी भी इसी का ही एक हिस्सा है। डॉ. बलवान सिंह ने सभी छात्राओं को बताया कि पंजाबी साहित्य की ज्ञान परम्परा लगातार बदलती आ रही है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। पंजाबी भाषा एक हिन्द आर्यन भाषा है। यह विश्व की 11वीं सबसे व्यापक भाषा है। पिछले 300 वर्षों से लिखित पंजाबी भाषा का मानक रूप माझी बोली पर आधारित है। पश्चिमी साहित्य और सभ्यता के प्रभाव से कहानी व लघु कहानी का लिखित रूप हमारे सामने आया। लघु कहानी में लेखक बहुत कम समय में पाठक के सम्मुख कहानी का उद्देश्य पेश करने की ताकत रखता है जिसके प्रभाव स्वरूप सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक मनोवैज्ञानिक तथ्य विस्तारपूर्वक आम जनजीवन तक पहुंचाता है। बलवान ने कथायात्रा पुस्तक की सभी लघु कहानियों के मुख्य उद्देश्यों व पात्रों के स्वभावों को उजागर किया। तत्पश्चात उन्होंने हरियाणा राज्य में बोली जाने वाली पुआदी भाषा की जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी भाषा लुप्त तभी होती है जब भाषा बोलने वाले व्यक्ति उस भाषा का प्रयोग कम कर देते हैं लेकिन अगर उसी भाषा को इस्तेमाल बार-बार व सम्मान से किया जाता है। तभी वह भाषा युगों-युगों तक जीवित रहती है जैसे ''पुआदी'' भाषा। पुआदी भाषा में डॉ. बलवान सिंह ने बहुत सारी कविताएं व गीत भी लिखे हैं। उनकी दो पुस्तकें ''आधुनिक पंजाबी कहानी रूपाकार परिवर्तन और बितां तथा पैंगे वैन डूंगे'' आदि प्रकाशित हुई हैं।

# इंस्टा पर युवती से दोस्ती कर किया दुष्कर्म, केस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पानीपत इलाके की युवती के साथ पहले इंस्टा पर दोस्ती हुई। फिर शादी का झांसा देकर प्यार में फांस आरोपित ने उचाना में अपने पास बुला तीन दिन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बाद में आरोपित ने शादी करने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत इलाका गांव की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी इंस्टा पर अकांउट है। इंस्टा पर ही उसकी दोस्ती उचाना निवासी सतीश से हुई। जिसके चलते उनमे आपस मे बातचीत होने लगी। सतीश ने उसे तीन मार्च को उचाना अपने घर बुला लिया। आरोपित ने शादी का झांसा देकर उसके साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किया।

---

22 एकड़ में तैयार हो रहा है स्मारक,एसीएस ने निर्माण कार्य का किया अवलोकन

# स्वतंत्रता दिवस तक पूरा होगा शहीदी स्मारक का निर्माण कार्य

एजेंसी को निर्माण संबंधी दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला





शहीदी स्मारक के नक्शे का अवकलोकन करते अधिकारी व स्मारक का थ्री डी नक्शा।

22 एकड़ में तैयार हो रहे शहीदी स्मारक का संपूर्ण कार्य 15 अगस्त तक पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक स्थल पर एक समीक्षा बैठक के दौरान दी। इस दौरान सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ व लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शहीदी स्मारक का अवलोकन किया। शहीदी स्मारक में बन रहे म्यूजियम गैलरी, मेमोरियल टावर, ऑडिटोरियम, ओपन एयर थियेटर इत्यादि कार्यों की सूक्ष्म जानकारी ली। एसीएस ने आर्ट वर्क से संबंधित जो गैलरियां यहां पर बनाई जानी हैं उनको निर्धारित समय अवधि के तहत शैडयूल बनाकर तैयार करने के निर्देश दिए ताकि कार्य संबंधी परमिशन समय पर मिल सके। उन्होंने इस मौके पर अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि बैठक किए जाने का मुख्य उद्देश्य कार्य में तीव्रता लाना है। इस दौरान एजेंसी के प्रतिनिधियों ने एसीएस को अवगत करवाया कि आर्ट वर्क से संबंधित यहां पर 21 गैलरियां बनाई जानी हैं। इनमें से 4 की ड्राइंग तैयार कर दी गई है। 4 की ड्राइंग पर कार्य चल रहा है। इसी सप्ताह इसे पूरा कर लिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने एजेंसी को निर्देश दिए कि चार गैलरियों के निर्माण कार्य की रूपरेखा एक सप्ताह के अंदर-अंदर तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा इसलिए एजेंसी जैसे ही गैलरियों की ड्राइंग तैयार करवाकर विभाग को जमा करवाएंगी तो विभाग द्वारा कंसलटेंट के साथ चर्चा करके और उसका सुझाव जानकर इसे सरकार के पास अप्रूवल के लिए भेज दिया जाएगा। शहीदी स्मारक के कार्य की प्रगति के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठक ली जाएगी। प्रत्येक मास लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडक़ें) के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी समीक्षा बैठक करेंगे। इसी प्रकार पाक्षिक समीक्षा बैठक महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ की अध्यक्षता में होगी। उच्च अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक बैठक भी आयोजित की जाएगी ताकि विभिन्न एजेंसियों व विभागों से सामजस्य बनाकर कार्य की प्रगति जानकर उसमें तेजी लाई जा सके। बराड़ ने भी शहीदी स्मारक के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने भी कहा कि यह एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर अनिल दहिया, सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया, अतिरिक्त निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, अरुण जग्गा, अधीक्षक अभियंता नवनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, आर्किटेक्चर रेनू के साथ-साथ डीएफआई के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।